

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**सुहाना खान की मां बनेंगी दीपिका पादुकोण**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 32 ■ बुधवार, 9 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# अंबरनाथ में भारी जलसंकट

- अंबरनाथ में पानी की कटौती शुरू
- पश्चिम में दो दिनों में एक बार जलापूर्ति
- पूर्व में रोज अलग-अलग परिसर में बंद रहेगा पानी
- जीना हुआ मुश्किल

यूसुफ शेख



फाइल फोटो

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम और पूर्व भाग में पानी कटौती लागू की जा रही है. मजीप्रा ने शहर में पानी कटौती का निर्णय लागू किया है. शहर पूर्व में हफ्ते में एक दिन तो पश्चिम में दो दिन में एक बार जलापूर्ति की जाएगी. गत कुछ दिनों से गरमी ज्यादा होने के कारण पानी की मांग पूरी करने के लिए उपलब्ध पानी शहरवासियों को जून तक पूरा करने के लिए ये कदम उठाया गया है. एक तो पहले ही लोगों को दो से तीन दिनों तक पानी नहीं मिल रहा है. ऊपर से इस पानी कटौती की घोषणा ने लोगों को हैरान, परेशान कर दिया है. अंबरनाथ तालुका में तीन डैम होतो हुए भी नागरिकों पर जलापूर्ति की कटौती का संकट क्यों हो रहा है. ऐसा प्रश्न अब जोर पकड़ रहा है.

### तीन डैम होते हुए भी पानी कटौती क्यों?

अंबरनाथ में चिखलोली डैम से 6 एमएलडी पानी, एमआईडीसी से 20 एमएलडी और बैरेज धरण केंद्र से 50 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है. पारी 42 डिग्री तक ऊपर जाने के बाद शरीर पसीने में सराबोर हो रहा है. ऐसे में पीने के लिए पानी चाहिए और ऐसे समय में ही अगर पानी कटौती करके दो-दो दिन अगर पानी नहीं मिलेगा तो लोग जाएंगे कहां? अंबरनाथवासियों पर जल संकट लादा जा रहा है. इसलिए लोगों में भारी रोष देखा जा रहा है.

विशेष बात तो ये है कि अंबरनाथ तालुका में बारवी डैम, चिखलोली डैम और बैरेज धरण केंद्र, ऐसे तीन डैम होते हुए भी पानी कटौती क्यों? ऐसा प्रश्न मजीप्रा से लोग कर रहे हैं. अंबरनाथ शहर को 76 एमएलडी पानी वितरित किया जाता है. लेकिन 30 प्रतिशत पानी लीकेज में चला जाता है. पानी वितरण में दोष होने के कारण लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है. अप्रैल महिने में ही ये हाल है तो मई और जून में जल संकट भयंकर रूप धारण कर सकता है. ऐसा हाल रहा तो लोग अंबरनाथ शहर से पलायन कर जाएंगे. इसमें कोई शक नहीं है.

### क्षेत्र निहाय जलापूर्ति कटौती

**सोमवार** : बी-केबीन रोड, दत्त कुटीर, वडवली मार्केट, ताडवाडी, विमको सोसायटी, दशनाम गोसावी सोसायटी.
**मंगलवार** : हाल्याचा पाडा, एएमपी गेट (रेल्वे परिसर), बी-केबीन रोड, समाजसेवा सोसायटी, उत्कर्ष सोसायटी, पुनर्जीवन सोसायटी
**बुधवार** : कानसई विभाग, कानसई गांव, भिडेवाडी, एएमपी. गेट
**गुरुवार** : खेर सेक्शन, मोतीराम गार्डन, शिवबसव नगर
**शुक्रवार** : साई विभाग, मोहन पुरम, देवप्रकाश गार्डन
**शनिवार** : स्टेशन विभाग, टेलीफोन एक्सचेंज परिसर
**रविवार** : शिवगंगानगर, फार्मीग सोसायटी, मे फ्लॉवर गार्डन, शिवधाम कॉम्प्लेक्स परिसर

# अभिनव गोयल KDMC के आयुक्त नियुक्त



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका को एक सप्ताह के इंतजार के बाद नया आयुक्त मिल गया है। हिंगोली जिला कलेक्टर अभिनव गोयल को कल्याण-डोंबिवली मनपा का आयुक्त नियुक्त किया गया है और राज्य सरकार ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

अभिनव गोयल 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से मेरठ, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। घर पर शिक्षा देने की उनकी विरासत भी उल्लेखनीय है। उनके माता-पिता डॉक्टर हैं, उनके दादा भौतिकी के प्रोफेसर थे और उनकी दादी रसायन विज्ञान की प्रोफेसर थीं। गोयल ने तीसरे प्रयास में आईएएस परीक्षा उत्तीर्ण की और 36वीं रैंक हासिल की। उन्होंने आईआईटी कानपुर से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है।

अभिनव गोयल को प्रशासन में भी समृद्ध अनुभव है। उन्होंने 2018 में नांदेड़ में सहायक जिला कलेक्टर के रूप में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद उन्होंने लातूर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, धुले जिला कलेक्टर और हाल ही में हिंगोली जिला कलेक्टर के रूप में कार्य किया। उन्होंने जनोन्मुखी निर्णयों और प्रभावी प्रशासनिक कार्यों के बल पर हिंगोली में अच्छी छाप छोड़ी है।

कल्याण-डोंबिवली मनपा जैसे बड़े और तेजी से बढ़ते शहर में प्रशासन की चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। इसलिए उम्मीद है कि इस शहर को गोयल के अनुभव का लाभ मिलेगा। नागरिक उनकी नियुक्ति से संतुष्ट हैं तथा उनसे नगर निगम की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद कर रहे हैं।

# अंबरनाथ में घर से लाखों के गहने चोरी

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के दीपक नगर में सुबह साढ़े चार बजे के बाद एक घर में घुसकर दो चोरों ने लाखों का सोना चोरी किया है. महिला का पुत्र सुबह में काम पर जाने के बाद घर में गहरी नींद में सोई महिला रमनि गौडांर (50) के कपाट से चोरों ने साढ़े पांच तोला सोने के गहने चोरी कर लिए. उसका मोबाइल भी चोर साथ में ले गए हैं. दोनों चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं. अंबरनाथ पुलिस में रमनि ने शिकायत दर्ज कराया है कि रविवार की सुबह साढ़े चार बजे उनका लड़का बालकृष्ण (31) काम के सिलसिले में घर से बाहर गया था. रमनी और उसके पति राममूर्ति (60) घर में सो रहे थे. चोरों ने घर में घुसकर बेडरूम के कपाट में रखे एक तोले का कान की एरिंग, डेढ़ तोले सोने का हार, नाक की 6 ग्राम की सोने की नथनी, कुल लगभग पांच से 6 तोले के गहने और मोबाइल चोरी करके भाग गए. सुबह साढ़े पांच बजे रमनी नींद से जागी तो उन्होंने देखा कि घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा है. दरवाजा, खिड़की और कपाट टूटा हुआ दिखाई दिया. उन्होंने चोरी की खबर अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है. अंबरनाथ पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है.

# उल्हासनगर में बाइक चोरों का बोलबाला

- नाबालिग चोरों ने मचाई दहशत



**उल्हासनगर.** शहर में चोरियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब नाबालिग भी अपराध की ओर रुख कर रहे हैं। उल्हासनगर कैंप क्रमांक 5 इलाके में नाबालिगों का एक गिरोह 'मास्टर चाबी' की मदद से रात में बाइक चुरा रहा है। गिरोह की गतिविधियां अब सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 5 क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रात के समय दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि ये चोरियां नाबालिगों के गिरोह द्वारा की जा रही हैं। चोर सड़क पर खड़ी दोपहिया गाड़ी का लॉक तोड़ने के लिए मास्टर चाबी का इस्तेमाल करते हैं। फिर, कुछ ही सेकंड में, वे गाड़ी लेकर भाग जाते हैं। इस गिरोह की गतिविधियां इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हो गई हैं। इससे पता चलता है कि चोरों के गिरोह ने कुछ ही मिनटों में बहुत ही संगठित तरीके से गाड़ियां चुरा लीं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस प्रकार की घटनाएं अचानक नहीं होतीं, बल्कि पूर्व नियोजित होती हैं।

चिंतित नागरिकों ने इस संबंध में हिललाइन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र के नागरिकों में भय का माहौल पैदा हो गया है। मांग है कि पुलिस समय रहते इस गिरोह को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करे।

### गश्त बढ़ाने की मांग

उल्हासनगर शहर में पिछले कुछ महीनों में वाहन चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। ऐसी घटनाएं दिनदहाड़े चोरी, किशोर अपराधियों की गतिविधियों तथा पुलिस की अपर्याप्त उपस्थिति के परिणामस्वरूप हो रही हैं। इसलिए, इस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यह मांग बढ़ रही है कि पुलिस गश्त बढ़ाए, इलाके में गुप्त जांच करे और स्थानीय नागरिकों का विश्वास हासिल करे।

# उल्हासनगर में नौ साल की बच्ची पर क्रूर हमला

- पुलिस ने बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया



**उल्हासनगर.** एक ओर जहां महिलाओं को सशक्त बताया जा रहा है, वहीं एक महिला ने अपनी नौ साल की बेटी के साथ दरिंदगी कर अमानवीयता की हद पार कर दी। उल्हासनगर में हुई इस दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है और पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी महिला बांग्लादेश की निवासी है और अवैध रूप से उल्हासनगर में रह रही थी। गिरफ्तार महिला की पहचान अमीना सुल्तान उर्फ पूजा (35) के रूप में हुई है।

इस महिला ने अपने घर में गुस्से में आकर अपनी नौ साल की बेटी पर हमला कर दिया। बच्चे के चेहरे और पैर पर चाकू से वार किया गया तथा उसे डंडों से भी बेरहमी से पीटा गया।

जब पड़ोसियों ने घर से लड़की की चीखें सुनीं तो उन्होंने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। उल्हासनगर सेंट्रल पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े ने बताया कि तत्काल चिकित्सा उपचार मिलने के बाद लड़की ठीक हो गई और फिलहाल सुरक्षित है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि महिला बांग्लादेश की निवासी है और ऐसा माना जा रहा है कि वह बिना किसी आधिकारिक दस्तावेज के भारत में घुसी थी। इसलिए उसके खिलाफ न केवल बाल शोषण, बल्कि विदेशी नागरिक अधिनियम के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी महिला को उल्हासनगर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले की गहन जांच चल रही है और उसके भारत में प्रवेश के मार्ग तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों की भी जांच की जा रही है।

# अंबरनाथ का जतिन पाटिल बना पायलट

### पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल का पुत्र है जतिन



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम कोहोजगांव निवासी युवक जतिन पाटिल का पायलट बनने का सपना पूरा हो गया है. वह ठाणे जिले का सबसे तरुण पालयट बन गया है. उसकी आयु 20 वर्ष है. बचपन से ही वह पायलट बनने का मजबूत इरादा रखता था, जिसे उसने पूरा कर लिया है. जतिन पाटिल अंबरनाथ के पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल का पुत्र है. उसके पायलट बनने की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर फैली, उस पर अभिनंदन की बारिश होने लगी. परिवार का साथ और उनकी हौसलाअफजाई के कारण जतिन पायलट बना है. उमेश पाटिल ने हमें बताया कि उनकी भी इच्छा थी कि जतिन पायटल बने. बारामती से उन्होंने पायलट की ट्रेनिंग पूरी की है. ट्रेनिंग के साथ ही जतिन ने पढ़ाई भी जारी रखी, जतिन को 8 महिने की और पायलट ट्रेनिंग के लिए अमेरिका भेजा जाएगा. ऐसा उमेश पाटिल ने हमें बताया है.

# अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत

**कल्याण.** पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला की मौत हो गई, वहीं कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के कल्याण पूर्व स्थित शक्तिधाम मैटरनिटी अस्पताल में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। महिला के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी मौत डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई। हालांकि, केडीएमसी के डॉक्टरों ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा, हमने कोई लापरवाही नहीं की, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शांतिदेवी अखिलेश मौर्य नामक महिला को गर्भपात और परिवार नियोजन सर्जरी के लिए शक्तिधाम प्रसूति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सर्जरी से पहले ही उसकी हालत बिगड़ गई। उसे एक इंजेक्शन दिया गया। प्रसूति वार्ड से निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

महिला के पति सहित उसके परिवार ने प्रसूति अस्पताल के डॉक्टरों पर महिला की मौत के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह जानकारी भी सामने आई है कि इस प्रसूति अस्पताल में आईसीयू नहीं है।

दो महीने पहले डोंबिवली में मनपा के शास्त्री नगर अस्पताल में प्रसव के दौरान सुवर्णा सरोदे नामक एक गर्भवती महिला की मौत हो गई थी। इस मामले में मनपा ने दो डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त कर दिया था और उनके खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था। एक महीने बाद हुई इस दूसरी घटना से हलचल मच गई है।

# 4 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न: आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में चार साल की बच्ची के साथ उसके ही रिश्तेदार द्वारा बार-बार यौन शोषण का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। विट्ठलवाड़ी पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है तथा आगे की जांच जारी है।

एक ओर बेटी बचाओ का आह्वान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज में कुछ ऐसे भी दरिंदे हैं जो रिश्तों की परवाह किए बिना ही विकृति की पराकाष्ठा पर पहुंच जाते हैं। ऐसी ही एक विभत्स घटना उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा में घटित हुई है। जहां एक चार साल की बच्ची के साथ उसके ही रिश्तेदार ने बार-बार यौन शोषण किया। यह छोटी लड़की अपने परिवार के साथ रहती थी। जब उसके माता-पिता को उसके व्यवहार और परेशान करने वाले हाव-भाव में परिवर्तन नज़र आने लगे, तो उन्होंने उससे बातचीत की.

उस समय उसने जो कहा उससे सभी हिल गए. लड़की द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, माता-पिता विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। तदनुसार, पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल के मार्गदर्शन में पुलिस ने तुरंत पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को फिलहाल अदालत में पेश किया जा रहा है और विट्ठलवाड़ी पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है।

# कामगार अस्पतालों में भी महात्मा फुले योजना लागू



- स्वास्थ्य दिवस पर बड़ी घोषणा
- अब 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त

**उल्हासनगर.** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक ऐसा निर्णय लिया गया है जिससे गरीब और मजदूर परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। अब महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को राज्य के मजदूर बीमा योजना अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा मिलेगी। यानि, जो योजना पहले सिर्फ निजी अस्पतालों तक सीमित थी, उसे अब सरकारी कर्मचारियों के अस्पतालों के लिए भी खोल दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जा सकता है। उक्त जानकारी राज्य श्रमिक बीमा अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विलास डोंगरे द्वारा दी गई. विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सोमवार (7 अप्रैल) को राज्य के श्रमिक बीमा योजना अस्पतालों में 'महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना' का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। इस योजना से अब राज्य के श्रमिक अस्पतालों में आने वाले पात्र लाभार्थी सीधे चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकेंगे। यह जानकारी डॉ. विलास डोंगरे द्वारा दी गई है। इस पहल से अब श्रमिकों और गरीब परिवारों को सरकारी अस्पतालों में भी महात्मा फुले योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे आम नागरिकों पर इलाज का वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की चिकित्सा लाभ परिषद ने इस योजना में भागीदारी को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य 5 लाख रुपये तक की निशुल्क स्वास्थ्य बीमा सेवाएं उपलब्ध कराना है। पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये दिये जायेंगे। इस अवसर पर डॉ. रूपा भरोटे, डॉ. कुणाल काटे, सुवर्णा पाटिल, दयानंद गावड़े, शुभम पांचाल, महेश्वर वडवले सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अब 'हॉट मिक्स-हॉट लेड' पद्धति से होगा सड़कों का डामरीकरण

- उल्हासनगर की सड़कें बनेंगी उत्कृष्ट स्तर की
- मनपा आयुक्त मनिषा आव्हाले का आदेश

**उल्हासनगर.** शहर में खराब सड़कों के बारे में नागरिकों की बढ़ती शिकायतों पर ध्यान देते हुए, उल्हासनगर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अब 'हॉट मिक्स हॉट लेड' पद्धति का उपयोग करके डामरीकरण करने का आदेश दिया है। उल्हासनगर शहर की अधिकांश मुख्य और माध्यमिक सड़कें खस्ता हालत में हैं। नागरिकों ने बार-बार शिकायत की है कि पिछले कुछ महीनों में किए गए डामरीकरण कार्य में घटिया गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया गया। इस पृष्ठभूमि में, मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कड़ा निर्णय लेते हुए 'हॉट मिक्स-हॉट लेड' तकनीक के अनिवार्य उपयोग का आदेश दिया है।

यदि इस तकनीक का सही ढंग से उपयोग किया जाए तो शहर की सड़कों की आयु बढ़ाई जा सकती है और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सड़कें मिल सकती हैं। हालाँकि, इस निर्णय का सख्ती से क्रियान्वयन किया जाना चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उल्हासनगर के निवासियों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह निर्णय कितना प्रभावी है और क्या इससे वास्तव में सड़कों में सुधार होता है।



### क्या है 'हॉट मिक्स हॉट लेड' तकनीक

- डामर और बजरी के मिश्रण को 1400 से 1600 डिग्री के तापमान पर गर्म करके तैयार किया जाता है।
- इस मिश्रण को गर्म अवस्था में सीधे सड़क पर डाला जाता है और एक घुमावदार रोलर द्वारा संतुलित दबाव डाला जाता है।
- इससे सड़क मजबूत बनती है और एक टिकाऊ परत बन जाती है।
- सड़कों की मोटाई उचित स्तर पर बनाए रखी जाती है। इसलिए वे जल्दी खराब नहीं होते।
- इस पद्धति को भारतीय सड़क परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है तथा सरकार ने 2016 में इसे अनिवार्य बना दिया है।

उल्हासनगर की सड़कों की बिगड़ती हालत को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। अब से, सभी सड़कों का कार्य 'हॉट मिक्स हॉट ले' की अनुमोदित तकनीक का उपयोग करके किया जाएगा। गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्य की गुणवत्ता की जांच, निगरानी और प्रयोगशाला निरीक्षण किया जाएगा। घटिया कार्य करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा उन्हें काली सूची में डाला जाएगा। हमारा लक्ष्य नागरिकों का पैसा और समय बर्बाद किए बिना शहर में टिकाऊ और सुरक्षित सड़कें बनाना है।

**- मनीषा आव्हाले,** उल्हासनगर मनपा आयुक्त,

# पार्वती प्लाजा का छज्जा गिरा

- पड़ोसी के घर को बड़ा नुकसान
- कोई हताहत नहीं



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में रविवार को एक पुरानी इमारत का छज्जा गिर गया, जिससे पड़ोसी घर को भारी नुकसान पहुंचा। हालांकि सौभाग्य से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। वहीं दुकानदारों का कहना है कि यह स्लैब नहीं छज्जा गिरा है और चोर के कारण गिरा है हमने इमारत का आडिट कराया हुआ है।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 में शिवाजी चौक के पास महाराज हॉल के पीछे पार्वती प्लाजा बिल्डिंग का एक छज्जा रविवार को अचानक गिर गया। इस घटना में स्लैब बगल में स्थित माने परिवार के घर पर जा गिरा, जिससे घर को भारी नुकसान पहुंचा। घटना के समय महिलाएं घर में काम कर रही थीं। छज्जे के अचानक गिरने से घर में जोरदार आवाज हुई जिससे परिसर के निवासी डर गए। यद्यपि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। मनपा के अधिकारी और अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और क्षेत्र का निरीक्षण किया.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

संपादकीय

## झोलाछाप डाक्टरों की दहशत

देश में झोलाछाप डाक्टरों को लेकर अक्सर चिंता जताई जाती रही है। मगर मध्यप्रदेश के दमोह जिले के एक अस्पताल में सामने आई घटना से यही पता चलता है कि कोई ठग न केवल साधारण लोगों को, बल्कि पूरे चिकित्सा तंत्र को कितनी आसानी से झांसे में ले सकता है। दमोह के एक अस्पताल में एक शख्स ने ब्रिटेन के एक मशहूर चिकित्सक के नाम का फर्जी तरीके से इस्तेमाल किया और बड़े आराम से हृदय रोग के कई मरीजों का आपरेशन कर डाला।

उसने जिन लोगों के हृदय का आपरेशन किया, उनमें सात लोगों की जान चली गई। तब जाकर यह मामला किसी तरह खुल सका। मगर संबंधित महकमों को इस बात की जानकारी होने के बावजूद वह फरार हो गया। आरोप है कि मौत के मामलों की सूचना पुलिस को नहीं दी गई, शवों का परीक्षण नहीं कराया गया और मृत व्यक्तियों के परिजनों से मोटे पैसे भी वसूले गए। अगर ये आरोप सही हैं तो इस फर्जीवाड़े में अस्पताल प्रबंधन के शामिल होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**सरकारी व्यवस्था पर उठ रहे सवाल**

सवाल है कि फर्जी पहचान और डिग्री के साथ इतने दिनों तक कोई शख्स कैसे किसी अस्पताल में दिल के मरीजों का आपरेशन करता रहा। उसे वहां जिम्मेदारी सौंपने से पहले क्या उसकी वास्तविकता और डिग्रियों के बारे में कोई छानबीन की गई थी? सिर्फ ब्रिटेन का मशहूर डाक्टर होने का हवाला देने से उसे अस्पताल में इतनी अहम भूमिका कैसे दे दी गई? यह एक ठग की चालाकी हो सकती है, लेकिन सवाल है कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल में किसी डाक्टर को काम पर रखने की जवाबदेही से जुड़े तंत्र ने किस प्रक्रिया के तहत उसे इतनी संवेदनशील भूमिका सौंपी थी।

ऐसी घटनाएं शहरों से लेकर दूरदराज के इलाकों में भी देखी जाती रही हैं, जहां लोग स्थानीय स्तर पर ऐसे डाक्टरों से इलाज कराते रहे हैं, जिनके पास चिकित्सा की कोई वैध डिग्री नहीं होती। इस समस्या से निपटने के लिए लंबे समय से कवायदें होती रही हैं। पर फर्जी तरीके से एक अस्पताल में बहाल डाक्टर के हृदय का आपरेशन करने के मामले ने समूचे सरकारी तंत्र की जांच प्रक्रिया और उसके कामकाज की शैली पर सवाल उठाया है।

# विभाजनकारी राजनीति, राजकीय भाषा हिंदी का विरोध गलत

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर परिसीमन का अपना पुराना राग छेड़ा। इस मुद्दे को उछालने के साथ वह केंद्र सरकार पर यह आरोप भी लगाते चले आ रहे हैं कि वह तमिलनाडु पर हिंदी थोपना चाहती है। उन्होंने परिसीमन और भाषा को आधार बनाकर दक्षिण के राज्यों को गोलबंद कर एक नई राजनीति की शुरुआत की है।

उन्होंने त्रिभाषा लागू करने को लेकर 'अंधराष्ट्रवाद' जैसे शब्द का उपयोग किया है। हजारों वर्षों की इस राष्ट्र की संकल्पना और महान दार्शनिक आदि गुरु शंकराचार्य के राष्ट्र की अवधारणा को ''अंधराष्ट्रवाद'' की संज्ञा देना ठीक नहीं है। उन्हें भारत और पश्चिम की राष्ट्र की अवधारणा के अंतर को समझना होगा। भारत राष्ट्र का आधार राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक है। 1947 में देश का विभाजन पंथ को राष्ट्रीयता का दर्जा देकर किया गया, जो भविष्य में गलत साबित हुआ।

पाकिस्तान से अलग होकर बांग्लादेश बना। पूर्वी पाकिस्तान में रहने वाले बांग्लाभाषी लोगों को लगा कि उनकी अपनी मातृभाषा बांग्ला खतरे में है। अतः उन्होंने खुद को पाकिस्तान से अलग कर लिया। जिस तरह पंथ राष्ट्र नहीं, उसी तरह भाषा भी राष्ट्र नहीं है। पंथ-भाषा-क्षेत्र और जाति की भावनाएं भड़का कर अलगाव की राजनीति का इतिहास पुराना है, जिससे सावधान रहने की आवश्यकता है।

भारत विविधताओं वाला देश है। विविधता में एकता देश की विशेषता है। देश की विविधता का सम्मान होता रहा है। हमारा देश



भाषा के साथ ही साथ भाव से भी जुड़ा है। चूंकि इस्लाम-ईसाइयत और वामपंथ आयातित हैं, अतः भारत को भारत की नजर से देखना होगा। यहां कोस-कोस पर पानी, चार कोस पर वाणी बदल जाती है।

चूंकि भारत का इतिहास बाहरी आक्रमण का गवाह है, अतः देश के संविधान निर्माताओं ने विविधता को ध्यान में रखकर भाषा नीति बनाई, ताकि राष्ट्र की एकता और अखंडता पर फिर से कोई संकट न आ पाए। संविधान के भाग 17, अध्याय-एक के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी स्वीकार की गई है।

संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष तक शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की बात कह गई थी। इसी भाग के अध्याय-दो के अनुच्छेद 350 में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा देने की बात है। राज्यों में शासन-प्रशासन-समाज के बीच समन्वय और संवाद बनाने के लिए 1956 में राज्यों का पुनर्गठन भाषा के आधार पर किया गया। चूंकि मातृभाषा में शिक्षा तथा संघ की राजभाषा हिंदी और शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी के प्रयोग की बात थी, अतः अंग्रेजी-हिंदी और मातृभाषा यानी त्रिभाषा फार्मूला लागू किया गया।

दक्षिण भारतीय राज्यों को भाषाई पहचान का कोई खतरा नहीं है। वह तो कुछ देश विरोधी ताकतें हैं, जो विविधता में एकता जैसी भारत की पहचान को खतरा बताकर 'यूनिटी इन डाइवर्सिटी इज ए थ्रेट टू आवर आइडेंटिटी' जैसे नकरात्मक अभियान चलाते रहे हैं। 1961 में तमिलनाडु की जनसंख्या 3,36,86,953 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल लिखवाने वाले 2,80,11,099 यानी 83.15 प्रतिशत थे। तमिल को सहायक या अनुषंगी भाषा लिखवाने वालों की संख्या 15,87,552 थी।

द्विभाषिक में अपनी भाषा अंग्रेजी बताने वालों की संख्या 10,76,467 थी। 2011 में तमिलनाडु की जनसंख्या 7,21,47,039 थी, जिसमें मातृभाषा तमिल बताने वालों की संख्या 6,37,53,997 यानी बढ़कर 88.36 प्रतिशत हो गई। समय के साथ भारतीय प्रशासनिक और अन्य अखिल भारतीय सेवाओं में चयनित तमिल बंधु दूसरे राज्यों विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में जाने पर हिंदी के महत्व को समझने लगे। लिहाजा तमिलनाडु में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या बढ़ने लगी।

2001 में अनुषंगी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ने वालों की संख्या 3,93,380 थी, जो 2011 में बढ़कर 4,46,806 हो गई। दक्षिण के चारों राज्यों की मातृभाषा-तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम है। राज्य में इन्हें बोलने वालों की संख्या 1961 में 3,25,67,095 यानी 96.67 प्रतिशत थी, जो 2011 में बढ़कर 7,00,00,570 यानी 97.02 प्रतिशत हो गई। साफ है तमिलनाडु में न तो मातृभाषा तमिल को कोई खतरा है और न ही शेष दक्षिणी राज्यों की अन्य मातृभाषाओं को।





जितना अधिक समय हम ध्यानाभ्यास में देंगे, उतना ही अधिक हम प्रभु के प्रेम का अनुभव करेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पेट्रोल-डीजल और गैस के बढ़े दाम

इस वक्त जब अमेरिका के पारस्परिक शुल्क थोपने से वाणिज्य-व्यापार पर पड़ने वाले असर को लेकर तरह-तरह के आकलन आ रहे हैं, केंद्र सरकार ने डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी करके एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। डीजल और पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में दो-दो रुपए और रसोई गैस पर पचास रुपए की बढ़ोतरी की गई है। विपक्ष इसे लेकर हमलावर है। उसका कहना है कि इस समय जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत पिछले चार वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है, तब भी तेल की कीमत क्यों बढ़नी चाहिए।

हालांकि सरकार का कहना है कि उसने उत्पाद शुल्क जरूर बढ़ाया है, पर इसका बोझ आम उपभोक्ता पर नहीं पड़ेगा। यह खर्च तेल कंपनियां वहन करेंगी। इस तरह तेल की कीमतें यथावत बनी रहेंगी। मगर इसे लेकर लोगों का भरोसा इसलिए नहीं बन पा रहा है कि सरकार अपने नफे-नुकसान के मद्देनजर तेल की कीमतों में बदलाव करती रही है। उत्पाद शुल्क का मतलब है कि वह पैसा सीधे केंद्र सरकार के खजाने में जाएगा। तेल कंपनियां कब तक यह बोझ वहन कर पाएंगी, कहना मुश्किल है।

पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क को लेकर पहले से विपक्षी दल सवाल उठाते रहे हैं कि आखिर सरकार इतना भारी शुल्क किस आधार पर लगाती है। इस वक्त कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत सौ रुपया प्रति लीटर से ऊपर है। डीजल सौ रुपए के आसपास है। मगर केंद्र सरकार का तर्क है कि इस वक्त जब वैश्विक आर्थिक स्थितियां डांवाडोल हैं, इससे सरकार को अपना राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी। हालांकि दस वर्ष पहले जब उत्पाद शुल्क में बढ़ोतरी की गई थी, तो




तर्क दिया गया था कि इस पैसे से संकट के वक्त के लिए तेल भंडार जमा किया जाएगा। उसके बाद लगातार उत्पाद शुल्क बढ़ाया जाता रहा।

लोकसभा, उत्तर प्रदेश विधानसभा जैसे चुनावों के वक्त जरूर सरकार ने उत्पाद शुल्क कुछ घटा दिए थे। मगर फिर उसने बढ़ा दिया है। सरकार इस बात से अनजान नहीं कि तेल की कीमतें बढ़ने से महंगाई भी बढ़ जाती है। सरकार पहले ही महंगाई से पार पाने में नाकाम साबित हो रही है, उसके बावजूद उसे इस तरह अपना खजाना भरना ज्यादा जरूरी जान पड़ा है, तो जाहिर है, वह महंगाई को लेकर बहुत चिंतित नहीं है। पहले तेल की कीमतों का निर्धारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के अनुसार होता था, पर सरकार ने उस नियम को बदल दिया।

राजस्व जुटाने के लिए सरकार को नए रास्ते तलाशने ही पड़ते हैं, मगर इसका अर्थ यह नहीं कि ऐसे ही मदों में बार-बार बढ़ोतरी की जाए, जिसका बोझ उठाना पहले से नागरिकों को भारी पड़ रहा हो। तेल और रसोई गैस की कीमतें पहले ही लोगों की जेब पर भारी पड़ रही हैं। महंगाई से पार पाना कठिन बना हुआ है। महंगाई की तुलना में लोगों की आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने से केवल लोगों के निजी खर्च नहीं बढ़ते, माल ढुलाई आदि का खर्च भी बढ़ता है, जिसका असर विनिर्माण क्षेत्र पर पड़ता है। बड़ी मुश्किल से विनिर्माण क्षेत्र कुछ ऊपर उठने का प्रयास कर रहा है, उसमें यह नई मार उसे परेशान कर सकती है। सरकार जब तक तेल की कीमतों को लेकर कोई व्यावहारिक नीति नहीं बनाती, तब तक यह समस्या सिर उठाती रहेगी।

# अंतिम संस्कार की थी तैयारी, भाग खड़ा हुआ 'मुर्दा'

क्या आपने कभी अपनी आंखों के सामने किसी को मरकर जिंदा होते हुए देखा है? अगर नहीं देखा तो इस

**जरा हट के**

वीडियो को जरूर देखिए. इस वीडियो में आप देखेंगे कि एक बुजुर्ग शख्स की मौत हो गई. उसके अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई थी. चिता पर उसे लिटा दिया गया और आग लगा दी गई. लेकिन जैसे ही चिता की लकड़ी में आग लगी और धुंआ निकलना शुरू हुआ, वैसे ही वो मुर्दा शख्स जिंदा होकर भाग खड़ा हुआ. इस दौरान वहां मौजूद उसके रिश्तेदार मुंह ताकते रह गए.

इंस्टाग्राम पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. कई लोगों ने इसे शेयर किया है. ऐसे में हम आपको इस वीडियो को दिखाने जा रहे हैं. इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक शख्स की मौत हो गई है. ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए उसे गांव से बाहर लाया गया है. यहां पर बहुत सारे लोग इकट्ठे हुए हैं.



चिता पर शख्स को लिटा दिया गया है. इसके बाद उसे लकड़ी और उपले से ढंक दिया गया. फिर घरवालों ने उसे अंतिम विदाई देने के बाद आग जला दिया. लेकिन जैसे ही चिता में आग जली और धुंआ उठा, वैसे ही मर चुका शख्स जिंदा हो गया. वो तुरंत अपने ऊपर लदी हुई लकड़ियों को उठाकर फेंक देता है और चिता से उठकर भाग जाता है. मुर्दे को जिंदा होकर भागते देख रिश्तेदार भी मुंह ताकते रह गए. उन्हें भी शायद समझ नहीं आया कि ये क्या हो रहा है.

इस वीडियो को अलग-अलग लोगों ने शेयर किया है. ऊपर दिए वीडियो की बात करें तो इसे अब तक 1 करोड़ 54 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. तो नीचे दिए गए वीडियो को 45 लाख से ज्यादा बार देखा गया. ऊपर वाले वीडियो का कैप्शन भी मजेदार है, लेकिन कमेंट सेक्शन बंद कर दिया गया है. लाखों लोगों ने इस वीडियो को लाइक और शेयर किया है. इसके अलावा हजारों की संख्या में लोगों ने कमेंट किए.

# प्याज की स्पेशल सब्जी




ये प्याज की मसालेदार और झटपट बनने वाली सब्जी स्वाद में बेहद लाजवाब होती है। घर के नॉर्मल खाने के लिए ये एकदम सही होती है। इसे बनाना भी बेहद आसान होता है।

**सामग्री :**

- प्याज- 4 मध्यम आकार के
- टमाटर- 2
- हरी मिर्च- 2
- लहसुन- 4 से 5 कलियां
- अदरक- 1 छोटा टुकड़ा
- राई- 1/2 छोटा चम्मच
- जीरा- 1/2 छोटा चम्मच
  हल्दी- 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच (स्वाद अनुसार)
- धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला- 1/2 छोटा चम्मच
- नमक- स्वाद अनुसार
- तेल- 2 से 3 बड़े चम्मच
- हरा धनिया- गार्निश के लिए

**विधि :**

कड़ाही में तेल गर्म करें। इसमें राई और जीरा डालें। जैसे ही तड़कने लगे, उसमें अदरक, लहसुन और हरी मिर्च डालें। हल्का भूनें। अब इसमें कटे हुए प्याज डालें



और सुनहरा होने तक भून लें। प्याज अच्छे से गल जाएं और हल्का ब्राउन हो जाए, तब समझिए अच्छे से भुन चुके हैं। अब इसमें हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर डालकर 1-2 मिनट चलाएं।

अब टमाटर डालें और तब तक पकाएं जब तक वह तेल न छोड़ने लगे। जरूरत अनुसार पानी डालें (करी जितनी पतली या गाढ़ी चाहिए उसके अनुसार)। नमक और गरम मसाला डालें। ढककर 5-7 मिनट धीमी आंच पर पकाएं।

ऊपर से हरा धनिया डालें और गरमागरम रोटी, पराठा या चावल के साथ परोसें।

# जवानी में ही बूढ़ा बना देती है यह परेशानी!

### समय रहते कर लें कंट्रोल

आजकल की हमारी जैसी दिनचर्या है उसमें तनाव, टेंशन या स्ट्रेस का होना आम हो गया है. कहा तो यह भी जाता है कि जीवन है तो तनाव भी होगा. और होना भी चाहिए. लेकिन, अगर छोटी-छोटी बात पर टेंशन लेंगे तो यकीन मानिए कि आप सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं. यही नहीं, इस तरह की अनदेखी से कई बड़ी परेशानियों की वजह बन सकती हैं. ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस इनमें से एक है. जी हां, यह परेशानी ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस असंतुलित जीवन शैली, अनहेल्दी फैट और प्रदूषण के कारण होता है. एक्सपर्ट की मानें तो अगर वक्त रहते कंट्रोल नहीं किया गया है तो आप वक्त से पहले बीमार, बूढ़े और कमजोर हो जाएंगे. अब सवाल है कि आखिर ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस क्या है, जो जवानी में ही बना सकता बूढ़ा?



ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कैसे कम किया जा सकता है? इससे किन परेशानियों का बढ़ता है जोखिम?

### ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस क्या है?

एक्सपर्ट के मुताबिक, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस का मतलब है, कि शरीर में फ्री रेडिकल्स की मात्रा का बढ़ जाना. भोजन करने के बाद मेटाबॉलिक प्रोसेस के दौरान हमारी बॉडी एक सेल्स फ्री रेडिकल्स बनाते हैं. हालांकि, सेल्स एंटीऑक्सीडेंट भी पैदा करती हैं, जो इन फ्री रेडिकल्स को हटाने का काम करते हैं. यानी हमारा शरीर एंटीऑक्सीडेंट और फ्री रेडिकल्स के बीच बैलेंस बनाए रखने का काम करता है, लेकिन जब किसी कारण से वो बैलेंस असंतुलित हो जाता है तो इस कंडीशन को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कहते हैं.

### इस स्ट्रेस का स्किन पर इफेक्ट?

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की स्थिति में शरीर में फ्री रेडिकल्स की मात्रा बढ़ जाती है. ये शरीर में रक्त और अन्य लिक्विड के साथ मिलकर बहते रहते हैं. ये हमारे शरीर की अंदरूनी कोशिकाओं को हानि पहुंचाते हैं, जिसका असर त्वचा के बाहरी हिस्से पर भी दिखता है और त्वचा थकी हुई, सूजन युक्त या अनफिनिश्ड दिखती है. दिखने लगती है. झुर्रियां और झाइयां आने की प्रक्रिया तेज हो जाती है.

### क्यों होता है ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस?

ऐसे कई फैक्टर हैं, जिनके कारण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की संभावना कई गुना बढ़ जाती है. जैसे – अनियमित लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी डाइट, अल्कोहल का सेवन, व्यायाम की कमी, प्रदूषण के कारण भी इसमें वृद्धि हुई है. आपके शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया भी अस्थायी रूप से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को ट्रिगर कर सकती है.

### इन बीमारियों का बढ़ता है जोखिम

ये फ्री रेडिकल्स शरीर को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं. इसके लक्षण आपको बॉडी में हर जगह दिखाई देते हैं. इसकी वजह से दिल से जुड़ी बीमारियों से लेकर हाई ब्लड प्रेशर से अस्थमा और सीओपीडी (CoPD) सहित फेफड़े, जोड़ों में गठिया, शरीर में दर्द, सूजन से जुड़ी तकलीफें और बीमारियां हो सकती हैं.

### ऐसे कम करें ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस

ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने के लिए सबसे पहले धूम्रपान और शराब को छोड़ें. एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर स्वस्थ आखर अपनी डाइट में शामिल करें और नियमित व्यायाम करें. अपनी लाइफस्टाइल में ये हल्के फुल्के बदलाव करे.

## आज का राशिफल

**मेष** : मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**वृषभ** : स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें।

**मिथुन** : पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**कर्क** : घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** : प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें।

**कन्या** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।

**धनु** : अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**कुंभ** : पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें।

**मीन** : क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# रोज सुबह पीएं ये मैजिक ड्रिंक!



गर्मी का मौसम आ गया है और ऐसे में लोग जूस पीना पसंद करते हैं. यह हमारे सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. चुकंदर, जिसे बीटरूट भी कहते हैं, कई गुणों से भरपूर होता है और हमारे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन B6, विटामिन C और फोलिक एसिड पाया जाता है. यह पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण हमारे शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है और खून को साफ करके चेहरे को ग्लोइंग बनाए रखने में मदद करता है.

चुकंदर हमारे सेहत के लिए काफी फायदेमंद है. इसका सेवन सभी मौसम में लाभदायक है, लेकिन गर्मी के मौसम में इसका सेवन जरूर करना चाहिए. आमतौर पर चुकंदर को सलाद के रूप में खाया जाता है, लेकिन कुछ लोग इसका प्रयोग सब्जी या रोटी के रूप में भी करते हैं. अगर इसका रस निकालकर सुबह-सुबह खाली पेट पिया जाए, तो इससे शरीर को कई तरह के लाभ होते हैं.

### शरीर को हाइड्रेट करने में करे मदद

यह शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है. इसमें अच्छी मात्रा में आयरन होता है, जो फायदेमंद है. चुकंदर में आप थोड़ी सी कच्ची हल्दी और गाजर मिलाकर इसका जूस बना सकते हैं, जो सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है. आप इसमें अपनी इच्छा अनुसार एक-दो चम्मच अदरक का रस भी मिला सकते हैं. मीठा करने के लिए इसमें गुड़ भी एड कर सकते हैं, जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छा होता है.

### चुकंदर के फायदे

चुकंदर के सेवन से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है. यह रक्त को शुद्ध करता है और शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स को मल-मूत्र और पसीने के जरिए बाहर निकालता है. ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है. . इससे शरीर शुद्ध और ताकतवर बनता है. वेंस और आर्टरी में जो डिपोजिशन होते हैं, वे खत्म हो जाते हैं. इम्यून सिस्टम यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे सेहत अच्छी होती है, इसलिए इसका सेवन लोगों को नियमित रूप से खाली पेट करना चाहिए. मात्रा की बात करें तो कम से कम 100 से 200 मिली का सेवन कर सकते हैं. इसके सेवन से आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे और आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी. इसमें आयरन सप्लीमेंट्स अच्छा होता है और बॉडी का रक्त शुद्ध होता है.

# मोटी रोटी या पतली कौन-सी अधिक हेल्दी...!

आप मोटी रोटी बनाकर खाएं या पतली, दोनों ही सेहत के लिए अच्छी है, लेकिन ये इस बात पर भी निर्भर करता है कि आपने आटे में और क्या-क्या चीजें मिलाई हैं या कौन से दूसरे अनाज का आटा मिला हुआ है. रोटी को कैसे बनाया गया है, इससे भी इसके फायदे घटते-बढ़ते हैं. पतली रोटी जल्दी पच सकती है. खाने में हल्की और सॉफ्ट होती है. गेहूं के आटे की बनी रोटी पतली हो तो फाइबर के साथ ही कई अन्य पोषक तत्व भी भरपूर होंगे.



- पतली रोटी आसानी से पक जाती है. इसमें कम घी, तेल लगाए बिना भी सही से सेक सकते हैं, जिससे इसमें पोषक तत्व बचे रहते हैं.
- मोटी रोटी या पराठे को सेकने के लिए काफी लोग घी, तेल लगाते हैं. देर तक इसे सेकना पड़ता है, जिससे आटे में मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं. मोटी रोटी को आप आग पर देर तक सेकते हैं ताकि ये कच्ची ना रहे, इससे भी फाइबर या अन्य न्यूट्रिएंट्स कम हो जाते हैं. तेल और घी लगाकर खाते हैं तो कैलोरी बढ़ती है, जिससे वजन बढ़ सकता है.
- यदि आप चाहते हैं कि आसानी से रोटी पच जाए तो गेहूं के आटे से बनी पतली रोटी अधिक हेल्दी, हल्की और सुपाच्य होती है. पतली रोटी हल्की होती है.
- पतली रोटी में मोटी रोटी की तुलना में फाइबर अधिक होती है, क्योंकि इसे सेकने में अधिक समय नहीं लगता है. ऐसे में गेहूं या अन्य अनाजों से बनी रोटियों में सभी पोषक तत्व मौजूद रहते हैं.
- रोटी वही अधिक हेल्दी होती है, जिसे आप मीडियम आंच पर सेंक कर खा सकें और जो खाने में सॉफ्ट हो. ऐसे में पतली रोटी मीडियम आंच पर भी सही से कम समय में पक जाती है.
- कुल मिलाकर, रोटी अगर अनरिफाइंड चोकर युक्त गेहूं के आटे से बनी है तो आप फिर मोटी खाएं या पतली, सभी सेहत को लाभ ही पहुंचाएंगी.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### हरदोई में दिनदहाड़े युवक की हत्या करने वाले 18 लोग गिरफ्तार, 7 महिलाएं भी गईं जेल

**हरदोई.** यूपी के हरदोई में सोमवार सुबह दिनदहाड़े फेरी करने वाले युवक की घेरकर हत्या कर दी गई। इस मामले में अब पुलिस ने 9 नामजद सहित कुल 18 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हत्या में शामिल सभी आरोपी एक ही गांव के निवासी हैं। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के भैंनगांव बाजार में 16 साल पहले रामपाल की रुपयों की लेनदेन में मामले में हत्या कर दी गई थी। रामपाल की हत्या का आरोप अटिया मझिगवां के रहने वाले सरपंच महावत व उसके भाई बबलू पर लगा था। और दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जहां से छूटने के बाद वह अतिया मझगांव में अपना घर बेंचकर लखीमपुर खीरी में रहने लगा। सरपंच महावत जेल से बाहर आने बाद गांव-गांव फेरी लगाकर चेन लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। सोमवार फेरी लगाते हुए सरपंच भैनगांव गांव आया था। वहीं रामपाल के परिजनों ने पीटकर मार डाला था।

### इंस्टाग्राम पर युवक को दिल दे बैठी दो बच्चों की मां, पति को छोड़कर प्रेमी के संग हुई फरार

**अमरोहा.** यूपी के अमरोहा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां सोशल मीडिया से पनपे रिश्ते ने एक परिवार को बिखेर दिया। दरअल दो बच्चों की मां अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। उधर, पीड़ित पति ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर पत्नी की बरामदगी की मांग की है। आरोप है कि बीवी को भगाने वाले लड़ने ने 50 हजार की डिमांड की है। ये मामला गुन्नौर क्षेत्र के बबराला कस्बे का है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। कुछ समय से उसकी पत्नी की इंस्टाग्राम पर एक मुस्लिम समुदाय के युवक से दोस्ती हो गई थी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई। बीते दिन जब वह रोज़ की तरह काम पर गया हुआ था, वापसी पर पत्नी और घर का सारा सामान गायब मिला। काफी तलाश और रिश्तेदारों से पूछताछ के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला।

### महिला कर्मचारी के यौन उत्पीड़न के आरोप में डीपीओ सस्पेंड, डीएम की जांच रिपोर्ट पर एक्शन

**कुशीनगर.** खाने के सामग्री की आपूर्ति करने वाली एक निजी कंपनी की महिला कर्मी से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के आरोप में जिले के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय को शासन ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें विभाग के लखनऊ स्थित निदेशालय से संबद्ध कर दिया गया है।

यह कार्रवाई डीएम की तरफ से गठित समिति की जांच रिपोर्ट और संस्तुति पर हुई है। खाने के सामग्री की आपूर्ति करने वाली एक निजी कंपनी की महिला कर्मी से छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के आरोप में जिले के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय को शासन ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें विभाग के लखनऊ स्थित निदेशालय से संबद्ध कर दिया गया है। यह कार्रवाई डीएम की तरफ से गठित समिति की जांच रिपोर्ट और संस्तुति पर हुई है।

# ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासक दादी रतन मोहिनी का निधन

- **अहमदाबाद के हॉस्पिटल में 101 साल की उम्र में ली अंतिम सांस**





**अहमदाबाद.** ब्रह्माकुमारीज संस्थान (आबूरोड) की मुख्य प्रशासक दादी रतन मोहिनी का सोमवार रात 1.20 बजे अहमदाबाद (गुजरात) के निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 101 वर्ष की थीं।

संस्थान के पीआरओ बीके कोमल ने बताया- दादी के पार्थिव शरीर को मंगलवार को अहमदाबाद से आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारी संस्थान के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय लाया गया। जहां अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर रखा गया है। अंतिम संस्कार की तिथि की घोषणा संस्थान के पदाधिकारी जल्द करेंगे।

#### 13 वर्ष की उम्र में संस्थान से जुड़ी थीं

दादी का जन्म 25 मार्च 1925 को हैदराबाद, सिंध (वर्तमान पाकिस्तान) में हुआ था। उनका नाम लक्ष्मी था। मात्र 12 वर्ष की आयु में वे ब्रह्मकुमारी संस्थान के संपर्क में आईं। बचपन से ही अध्यात्म में रुचि रखने वाली दादी ने संस्थान की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

#### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग

संस्थान में बहनों के प्रशिक्षण और नियुक्ति का कार्यभार भी संभाला दिवंगत राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने संस्थान में आने वाली बहनों के प्रशिक्षण और उनकी नियुक्ति का कार्यभार भी संभाला। ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित होने से पहले, दादी के सान्निध्य में युवा बहनों का प्रशिक्षण चलता था। जिसके पश्चात ही वे ‘ब्रह्माकुमारी’ कहलाती थीं। उन्होंने देशभर के 4600 सेवा केंद्रों की 46 हजार से अधिक बहनों को प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा वे युवा प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्षा भी रह चुकी हैं। दादी विशेष रूप से युवाओं में मानवीय मूल्यों का संचार करने और उन्हें श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए प्रेरित करती थीं।

#### 70 हजार किलोमीटर से ज्यादा पदयात्रा की

दादी रतनमोहिनी जीवन के अंतिम दिनों तक सक्रिय रहीं। वे प्रतिदिन ब्रह्म मुहूर्त में 3.30 बजे उठकर रात 10 बजे तक ईश्वरीय सेवाओं में लगी रहती थीं। भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रचार के लिए कई पदयात्राएं कीं। 1985 में उन्होंने 13 पदयात्राएं कीं और 2006 में 31 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी की। उन्होंने 70 हजार किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा की।

# तमिलनाडु के 10 बिल रोकने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**राज्यपाल के फैसले को बताया अवैध, कहा- आप संविधान से चलें, पार्टियों की मर्जी से नहीं**



**नई दिल्ली.** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया है। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए बिल पर काम करने की टाइमलाइन तय कर दी है। कहा कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं।

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

राज्यपाल को एक दोस्त, दार्शनिक और राह दिखाने वाले की तरह होना चाहिए। आप संविधान की शपथ लेते हैं। आपको किसी राजनीतिक दल की तरफ से संचालित नहीं होना चाहिए। आपको उत्प्रेरक बनना चाहिए, अवरोधक नहीं। राज्यपाल को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई बाधा पैदा न हो।

सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) में काम कर चुके पूर्व IPS अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था।

#### सुप्रीम कोर्ट के 2 कमेंट

1. जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि राज्यपाल द्वारा इन 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना अवैध और मनमाना है। यह कार्रवाई रद्द की जाती है। राज्यपाल की सभी कार्रवाई अमान्य है।
2. बेंच ने कहा कि राज्यपाल रवि ने भले मन से काम नहीं किया। इन बिलों को उसी दिन से मंजूर माना जाएगा, जिस दिन विधानसभा ने बिलों को पास करके दोबारा राज्यपाल को भेजा गया था।

#### सुप्रीम कोर्ट के 2 निर्देश

1. सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को निर्देश दिया कि उन्हें अपने विकल्पों का इस्तेमाल तय समय-सीमा में करना होगा, वरना उनके उठाए गए कदमों की कानूनी समीक्षा की जाएगी।
2. कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल बिल रोकें या राष्ट्रपति के पास भेजें, उन्हें यह काम मंत्रिपरिषद की सलाह से एक महीने के अंदर करना होगा। विधानसभा बिल को दोबारा पास कर भेजती है, तो राज्यपाल को एक महीने के अंदर मंजूरी देनी होगी।

# जयपुर धमाके-जिंदा बम केस में 4 आतंकियों को उम्रकैद



मोहम्मद सरवर आजमी | शाहबाज अहमद | सैफुर्रहमान | मोहम्मद सैफ

- **कोर्ट में हंसते रहे आतंकी**
- **सीरियल ब्लास्ट में 71 लोगों की मौत हुई थी**

**जयपुर.** जयपुर में 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा बम मिलने के मामले में दोषी चार आतंकियों को मंगलवार को स्पेशल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। 4 अप्रैल को कोर्ट ने चारों आतंकियों सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को मामले में दोषी ठहराया था।

कोर्ट ने 600 पेज का फैसला दिया है। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, नौंवा बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था। धमाकों में 71 लोगों की मौत हुई थी और 185 घायल हुए थे।

मंगलवार को सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील स्पेशल पीपी सागर तिवाड़ी ने दोषियों को शेष जीवनकाल तक जेल में रखने की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा- दोषियों का कृत्य गंभीरतम अपराध है। इनके साथ किसी भी सूरत में नरमी नहीं बरती जा सकती है।

वहीं, आरोपियों के वकील मिन्हाजुल हक ने कहा- दोषी 15 साल से जेल की सजा भुगत रहे हैं। अन्य आठ मामलों में हाईकोर्ट इन्हें बरी कर चुका है। ऐसे में भुगती हुई सजा के आधार पर कम से कम सजा दी जाए।

# बिना इजाजत भारत के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पहुंचा अमेरिकी यूट्यूबर

- **डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया, वीडियो भी बनाया**
- **14 दिन की रिमांड**



**नई दिल्ली.** भारतीय पुलिस ने 24 साल के एक अमेरिकी यूट्यूबर को हिंद महासागर के एक प्रतिबंधित द्वीप पर पहुंचने और वहां की जनजाति से संपर्क करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह यूट्यूबर अमेरिकी राज्य एरिजोना के रहने वाल है। उसका नाम मिखायलो विक्टोरोविच पोलियाकोव है। 29 मार्च को वह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पर पहुंचा था। वह वहां रहने वाली सेंटिनली जनजाति से नहीं मिल पाया तो डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया था। उसे 31 मार्च को पोर्ट ब्लेयर में गिरफ्तार किया गया था। एक स्थानीय कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उसे 17 अप्रैल को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

#### GPS नेविगेशन का इस्तेमाल कर सेंटिनली द्वीप पहुंचा था पोलियाकोव

- पुलिस ने बताया कि पोलियाकोव GPS नेविगेशन का इस्तेमाल करके इस द्वीप तक पहुंचा था। द्वीप पर उतरने से पहले उसने बाइनोकुलर्स से द्वीप का सर्वे किया। वह करीब एक घंटे तक द्वीप पर रुका। इस दौरान उसने सीटी बजाकर सेंटिनली लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसे जवाब नहीं दिया।
- इसके बाद उसने एक डाइट कोक और नारियल को वहां रखा, अपना वीडियो बनाया और रेत के कुछ नमूने लेकर वहां से वापस लौट गया। वापस जाते समय एक स्थानीय मछुआरे ने उसे देख लिया और प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पोर्ट ब्लेयर में उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ भारतीय कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया।

# कल की गिरावट के बाद सेंसेक्स 1135 अंक चढ़कर बंद

- **74200 के पार पहुंचा**
- **निफ्टी में 374 अंक की तेजी**
- **जापान का बाजार 6% चढ़ा**

**मुंबई.** कल (सोमवार) की 3% की गिरावट के बाद शेयर बाजार में आज (मंगलवार) को तेजी रही। सेंसेक्स 1135 अंक या 1.55% चढ़कर 74,273 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 374 अंक या 1.69% की तेजी रही, ये 22,535 के स्तर पर बंद हुआ है।

आज के कारोबार में मीडिया, रियल्टी और सरकारी बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी दिखी। निफ्टी मीडिया इंडेक्स 4.72% चढ़ा। वहीं निफ्टी पीएसयू बैंक और रियल्टी इंडेक्स करीब 2.50% चढ़े। FMCG, आईटी और ऑटो में करीब 2% की तेजी रही।

# बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में जो गलत नहीं हैं, उनकी नौकरी बचाएं

- **राहुल की राष्ट्रपति को चिट्ठी**
- **सुप्रीम कोर्ट ने CBI जांच पर रोक लगाई**

**नई दिल्ली.** पश्चिम बंगाल में 25 हजार 753 टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति रद्द करने के मामले में राहुल गांधी ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी। राहुल ने राष्ट्रपति से मांग की है कि जो लोग निर्दोष हैं, उन्हें नौकरी में बने रहने देना चाहिए।

राहुल ने कहा- मैं वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमिशन (WBSSC) भर्ती में हुए घोटाले की निंदा करता हूं। राष्ट्रपति खुद एक टीचर रही हैं। 25 हजार 753 लोगों कई ऐसे भी हैं, जो निर्दोष हैं। उनका इस घोटाले से कोई लेना देना नहीं है। उनकी बर्खास्तगी से शिक्षा प्रणाली और परिवार के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

उधर, सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्कूल कर्मचारियों के लिए



अतिरिक्त पदों को बढ़ाने को लेकर पश्चिम बंगाल कैबिनेट के फैसले की CBI जांच पर रोक लगा दी है। चीफ जस्टिज संजीव खन्ना की बेंच ने कहा, ' कैबिनेट के निर्णय की जांच CBI को सौंपने का कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला उचित नहीं था।'

हालांकि, बेंच ने 25 हजार 753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया मामले की जांच जारी रखने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को इन नियुक्तियों को गलत बताया था। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को सही बताया था, जिसमें नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।

#### ममता बोलीं- हमने फैसले को स्वीकार नहीं किया है

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 7 अप्रैल को उन शिक्षकों और स्टाफ से मुलाकात की थी, जिनकी भर्ती सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दी है। ममता बनर्जी ने कहा कि हम कोर्ट के आदेश से बंधे हुए हैं। यह फैसला उन कैंडिडेट्स के लिए अन्याय है, जो काबिल शिक्षक थे। उन्होंने कहा- आप लोग यह मत समझिए कि हमने फैसले को स्वीकार कर लिया है। हम पत्थरदिल नहीं हैं। मुझे ऐसा कहने के लिए जेल भी डाल सकते हैं, लेकिन मुझे फर्क नहीं पड़ता है।

# वानखेड़े में 10 साल बाद मुंबई से जीता बेंगलुरु



- **12 रन से हराया**
- **कोहली-रजत की फिफ्टी**
- **क्रुणाल को 4 विकेट**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने IPL 2025 में सोमवार को मुंबई इंडियंस (MI) पर 12 रनों की रोमांचक जीत दर्ज की है। टीम 10 साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हरा सकी है। उस पिछली जीत 2015 के सीजन में मिली है।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। बेंगलुरु ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। कप्तान हार्दिक पंड्या (42 रन) और तिलक वर्मा (56 रन) ने 34 बॉल पर 89 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को रन चेज में बनाए रखा, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही टीम हार गई। बेंगलुरु की ओर से क्रुणाल पंड्या ने 4 विकेट झटके। यश दयाल और जोश हेजलवुड को 2-2 विकेट मिले।

बेंगलुरु की ओर से विराट कोहली (67 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (64 रन) ने अर्धशतक जमाए। जितेश शर्मा ने नाबाद 40 और देवदत्त पडिक्कल ने 37 रन का योगदान दिया। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट विग्नेश पुथुर को मिला।

#### मैच के बाद पॉइंट्स टेबल

बेंगलुरु ने तीसरा मुकाबला जीता है। 4 मैच के बाद टीम के पास 6 अंक हैं। टीम तीसरे नंबर पर आ गई है।

मुंबई लगातार दूसरा मैच हारी है। टीम 5 में से 4 मैच हार गई है। टीम 2 अंक के साथ 8वें नंबर पर है।

# जयपुर में कांग्रेस-जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला : 3 की मौत

- **शराब के नशे में 7km तक दौड़ाता रहा**
- **गलियों में फंसा तो पकड़ा गया**

**जयपुर.** जयपुर में तेज रफ्तार SUV कार ने सोमवार रात सड़कों पर कोहराम मचा दिया। आरोपी ड्राइवर कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान था। जिसे मंगलवार सुबह पार्टी ने पद से हटा दिया। आरोपी ने शहर के भीड़ भरे इलाके में 7 किलोमीटर तक SUV दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। पुलिस के अनुसार सबसे



पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई। यहां लोगों को टक्कर मारने के बाद कार एक तंग गली में फंसी तो आरोपी को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया। मंगलवार सुबह से लोग नाहरगढ़ थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। वे मृतकों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

एडिशनल DCP (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान (62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया।

उस्मान खान ने थाने के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी टक्कर मारी है। आरोपी ने सोमवार रात 9.30 बजे सबसे पहले एमआई रोड पर एक गाड़ी को टक्कर मारी थी। उसके बाद शहर की गलियों से वाहनों को टक्कर मारते हुए वो नाहरगढ़ रोड पहुंचा था।

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा में**

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई



- **नए वक्फ कानून को लेकर भिड़े**
- **कल बिल की कॉपी फाड़ी थी**

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान NC और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई।

इससे पहले सोमवार को NC के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक NC विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। NC समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी। वक्फ संशोधन बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिल को 5 अप्रैल की देर रात मंजूरी दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

जा.क्र.उमपा/स.आ./प्र.स.2/10852025
सहा. आयुक्त यांचे कार्यालय,
प्रभाग समिती क्र. 2, मोहनदास रामरख्यानी हॉल,
सपना गार्डन जवळ, उल्हासनगर- 3
दिनांक :- 08/04/2025

**नोटीस**

**(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जतन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)**

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र.2 चे हद्दीत खाली नमुद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारे झाड तोडण्यास मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र. 2 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र | अर्जदाराचे नाव | ठिकाण | झाडाचा तपशिल |
|---|---|---|---|
| 1. | अशोका बिल्डकॉन लिमिटेड | प्लॉट नं. 169,170 शिट नं. 32/52 प्रविण इंटरनॅशनल हॉटेल जवळ, उल्हासनगर-3 | पिंपळ व चिंच जातीचे झाड |

उक्त नमुद केलेल्या ठिकाणी असलेले वृक्ष तोडण्यासाठी कोणत्याही इसमाची हरकत आल्यास त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांक 13/04/2025 पूर्वी सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.2 मोहनदास रामख्यायनी हॉल, सपना गार्डन जवळ, उल्हासनगर-3 या कार्यालयात सादर करावी. मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबधितास सुनावणी देऊन अंतिम निर्णय घेतला जाईल, विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/20/2025
दिनांकः- 08/04/2025

सही/-
**(मनिष हिवरे)**
सहा. आयुक्त (प्र. स. 2)
उल्हासनगर महानगरपालिका

# महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हमले का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

## ■ MNS की मान्यता रद्द करने की मांग की

**मुंबई.** महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (MNS) द्वारा महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है. याचिकाकर्ता ने नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ FIR दर्ज करने और चुनाव आयोग से MNS की मान्यता रद्द करने की मांग की है.

याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाराष्ट्र नव निर्माण सेना



और उसके नेता राज ठाकरे के भड़काऊ भाषणों के कारण हिन्दी भाषी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और उन पर हमला किया जा रहा है.

### MNS की मान्यता रद्द करने की मांग

सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका मे याचिकाकर्ता ने नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ FIR दर्ज करने और चुनाव आयोग से महाराष्ट्र नव निर्माण सेना की मान्यता रद्द करने की मांग की है. ये याचिका उत्तर भारतीय विकास सेना के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने दाखिल की है.

### सदन में भी उठा मुद्दा

बता दें कि बीते दिनों संसद के बजट सत्र के दौरान महाराष्ट्र में हिंदी भाषी यूपी-बिहार के लोगों पर हमले का मामले गूंजा था. इस मुद्दे को सदन में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के सांसद राजेश वर्मा ने उठाया. राजेश वर्मा ने आरोप लगाया कि राज ठाकरे की पार्टी के कार्यकर्ता रोजी-रोटी कमाने महाराष्ट्र गए यूपी-बिहार के हिंदी भाषी लोगों को निशाना बनाकर मारपीट कर रहे हैं. उन्होंने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से संज्ञान लेने की मांग की है.

# भिवंडी में अनधिकृत फेरीवालों व बैनर-पोस्टर के खिलाफ कार्रवाई

**भिवंडी.** मनपा आयुक्त व प्रशासक अनमोल सागर (बी.पी.एस.) ने भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका के वार्ड समिति क्रमांक 1 से 5 क्षेत्रों में मुख्य सड़कों, आंतरिक सड़कों और मुख्य बाजारों आदि की समीक्षा की। साइट पर अतिक्रमण, अनधिकृत ठेले, बेंच, स्टॉल, बिना अनुमति के फुटपाथ पर लगाए गए साइनबोर्ड, अनधिकृत होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया था.

मनपा आयुक्त के आदेशानुसार वार्ड समिति क्रमांक 1 के क्षेत्र में बागे फिरदोस के सामने पेट्रोल पंप से खंडूपाड़ा रोड से तैय्यब मस्जिद, अवचित पाड़ा, वार्ड समिति क्रमांक 2 की हद में साईबाबा नाका, अरिहंत सिटी, एस.के.एन. ईंट भट्ठा, रणजीत नाईक के घर से साईंबाबा मंदिर तक, वार्ड समिति क्र. 3 की सीमा के भीतर धामनकरनाका मुख्य मार्ग के साथ ही पद्मानगर जलापूर्ति की ओर जाने वाला बीएनएन कॉलेज मार्ग, कामतघर शिवसेना कार्यालय, गणेशनगर, अंजुरफाटा, शुभशांति रेलवे स्टेशन मार्ग, वार्ड समिति क्र. 4 की हद में सारिका हॉटेल, ठाणा रोड से धामणकर नाका से रतन टॉकीज रोड व धामणकर नाका उड्डाणपुल के नीचे १७० अनधिकृत फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण पर अतिक्रमण विभाग ने कारवाई की और जब्क सामान मनपा के भांडारगृह में जमा किए गए. जमा करण्यात आले आहे.

डिप्टी कमिश्नर विक्रम दराडे ने बताया कि प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर के निर्देशानुसार सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने अतिक्रमणकारियों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है.

## नेपाल में शिव छत्रपति प्रतिष्ठान की स्थापना

**ठाणे.** शिव छत्रपति प्रतिष्ठान की स्थापना नेपाल के शिव प्रेमी छत्रपति की पहल और विधायक संजय केलकर की उपस्थिति में की गई थी।इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा की पूजा की गई।दुर्गसेवक शिवभक्त संजय केलकर को संस्था का सलाहकार चुना गया। महाराज की शिक्षाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं तक पहुंचाया जाएगा तथा संगठन के माध्यम से उनकी वीरता और पराक्रम का प्रेरक इतिहास बताया जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे भगवान हैं।विधायक केलकर ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी शिक्षाएं, उनका प्रबंधन, उनकी युद्ध रणनीति और राज्य के मामलों पर उनका ज्ञान नेपाल के युवाओं के लिए प्रेरणादायी रहेगा।

## सिंधी भाषा दिवस पर दीपक वाटवानी द्वारा मुहिंजी बोली सिंधी बोली कार्यक्रम






**उल्हासनगर।** शहर के जाने-माने कलाकार व सिंधी फिल्मों के निर्देशक दीपक वाटवानी द्वारा 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुहिंजी बोली सिंधी बोली कार्यक्रम गुरुवार 10 अप्रैल 2025 को शाम 7 बजे सिंधु यूथ सर्कल उल्हासनगर-3 में आयोजित किया गया है। जहां पर वीटीवी प्रोडक्शन के कलाकार अपनी कला के जौहर दिखाएंगे। साथ ही सिंधी भाषा पर जागरूकता करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, सिंधियत पर संदेश भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुफ्त एंट्री रखी गई है इसलिए इस कार्यक्रम में सभी सिंधी समाज से जुड़े लोगों को इस अवसर पर आने की अपील दीपक वाटवानी व उनकी ग्रुप ने की है। सिंधी भाषा में बोलना, पढ़ना, लिखना जैसी महत्वपूर्ण बातों पर रोशनी डाली जाएगी साथ ही धर्मांतरण करने वाले सिंधी समाज को घर वापसी की भी हिदायत इस कार्यक्रम द्वारा दी जाएगी।

# स्वानंद बाबा आश्रम में श्रीराम नवमी महोत्सव संपन्न



**ठाणे.** चैत्र नवरात्र की नवमी एवं प्रभु श्रीराम के प्राकट्योत्सव के पावन अवसर पर येऊर पहाड़ स्थित परम् पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम में भव्य श्रीराम नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री स्वानंद बाबा सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभाग लिया और महाप्रसाद (भंडारे) का लाभ लिया। आश्रम के मुख्य न्यासी तथा भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, पंडित दुर्गाप्रसाद पाठक और शांति शुक्ला ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

इस शुभ अवसर पर भाजपा विधायक संजय केलकर, आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, एड. भूपेश पांडे, आचार्य पवन त्रिपाठी, डॉ. दयानंद तिवारी, विनीत त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र दीक्षित, श्रीनारायण तिवारी, अभय मिश्रा, नामदार राही, सूर्यप्रकाश मिश्रा, श्रीश एम. उपाध्याय, धीरज सिंह, अनिल पांडे, शिवकुमार तिवारी, राजकुमार मिश्रा, राकेश पांडे, योगेश शुक्ला, संजय शुक्ल, अनिल मिश्रा, धर्मेंद्र पांडे, विपेंद्र पाठक, चंद्रकांत दुबे, तरुण मिश्रा, कमलेश मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, राजेश दुबे, डीएस मिश्रा, गिरीश यादव, एसएन सिंह, गायक सुनील तिवारी, संतोष पाठक व अमित नरियन समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पूरे वातावरण में रामभक्ति की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली। भजन, कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ यह आयोजन अत्यंत भक्तिमय और सफल रहा।

# सुहाना खान की मां बनेंगी दीपिका पादुकोण

## ■ फिल्म 'किंग' में शाहरुख की प्रेमिका का निभाएंगी रोल

सुहाना खान जल्द ही फिल्म 'किंग' के जरिए अपना थियेट्रिकल डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ पिता शाहरुख खान भी नजर आएंगे। खबरों की मानें तो एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी इस फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं।



पीपिंग मून की रिपोर्ट के अनुसार एक्ट्रेस फिल्म में सुहाना की मां का किरदार निभाएंगी। हालांकि, ये एक एक्सटेंडेड कैमियो रोल होगा।

फिल्म 'किंग' को डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद बना रहे हैं। इन्होंने 'पठान' और 'वॉर' जैसी फिल्में बनाई है। एक्ट्रेस अपने हिस्से की शूटिंग कब करेंगी इस लेकर फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पीपिंग मून की रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान और डायरेक्टर सिद्धार्थ दोनों ही चाहते थे कि ये रोल दीपिका ही करें।

### फैंस बोले टाइपकास्ट हो रहीं हैं दीपिका

दीपिका को लेकर जब से ये खबर आई हैं, उनके फैंस कुछ ज्यादा खुश नजर नहीं आ रहे हैं। उनका मानना है कि वो खुद को एक तरह के रोल में बंधा रही हैं। कुछ फैंस ने कमेंट में ये तक लिखा कि दीपिका शाहरुख की, सुहाना की और फ्यूचर में आर्यन...सबकी मम्मी बनेंगी।

# देवी माँ के विसर्जन में सपरिवार शामिल हुए उपमुख्यमंत्री शिंदे



**ठाणे.** गुड़ी पड़वा से शुरू होकर रामनवमी के दिन संपन्न होने वाले चैत्र नवरात्रि उत्सव के बाद मासुंदा तालाब में देवी माँ के मूर्ति का विसर्जन किया गया। कोपरी में धर्मवीर आनंद दिघे प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस चैत्र नवरात्रि महोत्सव के दौरान देवी का विसर्जन ढोल-नगाड़ों के साथ में श्री अम्बे माता के जयकारों के बीच विसर्जन किया गया। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी विसर्जन में सहपरिवार भाग लिया।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर ठाणे पूर्व के कोपरी स्थित संत तुकाराम महाराज मैदान में धर्मवीर आनंद दिघे प्रतिष्ठान की ओर से पिछले नौ दिनों से श्री अम्बे माँ चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया था। प्रतिदिन हजारों भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था उपलब्ध थी।सोमवार देररात को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना के बाद देवी की भव्य आरती के साथ बड़ी संख्या में विसर्जन किया गया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री की पत्नी लता शिंदे, सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे सहित उपस्थित थे।उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देवी का रथ सपरिवार खींचा।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475


# ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION

DIST.THANE (MAHARASHTRA)

**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

## E-TENDER NOTICE NO.-34 (2024-25)

The Commissioner, Ulhasnagar Municipal Corporation, Ulhasnagar-421 003 (Telephone No. 0251-720118 (252) On-line tenders are invited for various Civil Works on percentage rate basis from appropriate Contractors who are registered with Central Government / State Government/ Public Sector Undertaking/Corporation etc. Bids document can be down-loaded from website https://mahatenders.gov.in. The details of tender are as under.

| Sr. No. | Tender Notice No. | Name of work | | | Estimated Value (Excl. GST%) | EMD (as per GR) | Tender Document Fee | Time limit | Class of Regis-traion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | UMC/PWD/ 34/2024-25 | Development Works Under Mulbhoot Soyi Suvidha Scheme in Ulhasnagar | | | 4,23,72,881/- | 2,11,900/- | 3540/- 3000+540 (GST 18%) | 120 Days | NA |
| | | 1 | Ward no. 11 in Barrack No. 1038 Construction of CC passage and drain in front and area. | 1000000 | | | | | |
| | | 2 | Ward no. 11 in Barrack No. 1051, 1052 and construction of CC passages and drains in the area. | 1000000 | | | | | |
| | | 3 | Construction of CC passage and drain in and around Barrack No. 1048, 1049 in Ward No. 11. | 1000000 | | | | | |
| | | 4 | Hanuman Mandir at Ulhasnagar & Renovation of entrance near Hanuman Nagar Birla Mandir, | 1000000 | | | | | |
| | | 5 | Renovation of entrance near Barek No. 104 in front of Shiv Mandir on Shiv Road at Ulhasnagar | 1000000 | | | | | |
| | | 6 | Construction of CC and drain here near Barek No. 136 Moti Society, Ulhasnagar 1 | 1000000 | | | | | |
| | | 7 | Repair of major drain at Gangaur Chowk, Ulhasnagar 1. | 1000000 | | | | | |
| | | 8 | Construction of CC Passage drain near Ulhasnagar & Gangaur Chowk. | 1000000 | | | | | |
| | | 9 | Ulhasnagar & Ward C3 Hemant Electrical to Omkar Ayurvedic Warehouse & Area Paving | 1000000 | | | | | |
| | | 10 | Construction of footpaths at Kishore Channe Farsan and Pasir in Ulhasnagar 1 Ward C 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 11 | Samaj Mandir Berek No. 278 Fakkad Mandali Road in | 1000000 | | | | | |
| | | 12 | Ulhasnagar 1 Ward C3 Block No. 278, Pinky Bhojwani to Vinod Kukreja house to make CC pavement and drain. | 1000000 | | | | | |
| | | 13 | Construction of drain at Rajiv Gandhi Nagar near Ulhasnagar 1 Ward No. 3 Kornak Building. | 1000000 | | | | | |
| | | 14 | Construction of drain and CC passage around Anand Hindi School at Shahad Gate in Ward No. 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 15 | Construction of footpath and drainage from Barrack No. 27 Gupta Mithaiwala to Kadar Bhangarwala at Ulhasnagar & Ward | 1000000 | | | | | |
| | | 16 | Construction of footpath and drainage from 24 school at Ulhasnagar Ward No. 3 to Mama Matkewala via Kesabai | 1000000 | | | | | |
| | | 17 | From Mangalmurthy Building at Ulhasnagar Ward No. 3. t0 Maharashtra Motor Neena Nathani Hospital Road, Drainage | 1000000 | | | | | |
| | | 18 | Construction of drain and CC passage behind the house of Shrikant Koli at Birla Gate in Ward No.3. | 1000000 | | | | | |
| | | 19 | Construction of Drain Sewer CC Passage from Garib Nagar Public Toilet to Main Road in Ulhasnagar 3 Ward C7. | 1000000 | | | | | |
| | | 20 | Construction of drain from Ghotre's house in Ward No. 7 to Wadar Colony toilet. | 1000000 | | | | | |
| | | 21 | Construction of CC Passage Drain Sewer from Hanuman Nagar Mata Mandir to Ganapati Mandir in Ulhasnagar 3 Ward No.7 | 1000000 | | | | | |
| | | 22 | Construction of drainage and passage from Gupta Kirana store at Budhnagar to Ubale's house in Ulhasnagar 3 Ward No. 7. | 1000000 | | | | | |
| | | 23 | Construction of CC passage and drain in Barck No. 1039, 1038 and area of Ulhasnagar 3 Ward No. 11. | 1000000 | | | | | |
| | | 24 | Beautification of Narayan Advani Samaj Mandir at Barrack No. 950, 948 Section 22 in Ulhasnagar 3 Ward No. 118. | 1000000 | | | | | |
| | | 25 | Construction of footpath and drainage from 24 school at Ulhasnagar 1 Ward No. 3 to Mama Matkewala via Kesabai building. | 1000000 | | | | | |
| | | 26 | Construction of CC Passage and drain in and around Barrack No. 1047 in Ulhasnagar Ward No. 11. | 1000000 | | | | | |
| | | 27 | Installation of benches for senior citizens at Gol Chakra Gordon in Ulhasnagar 3 Ward C 11. | 1000000 | | | | | |
| | | 28 | Installation of protection wall, grill and other works for Garden in Section 20 of Ward C 11. | 1000000 | | | | | |
| | | 29 | Construction of CC passage and drain at barrack number 115 and 116 at Ulhasnagar 1. | 1000000 | | | | | |
| | | 30 | Construction of drain and CC passage from Jhulelal Mandir to Bevas Chowk at Ulhasnagar 2 | 1000000 | | | | | |
| | | 31 | Construction of drain and gate in front of Shiv Road JB Farsan at Ulhasnagar 1. | 1000000 | | | | | |
| | | 32 | Construction of Drain and Sewer Passage from House of New Vasti Ansari at Hanuman Nagar in Ulhasnagar 3 Ward No. 7 to | 1000000 | | | | | |
| | | 33 | Construction of drain and sewer passage from Pagare's house at Hanuman Nagar in Ulhasnagar 3 Ward C 7 to Municipal | 1000000 | | | | | |
| | | 34 | Construction of drain and sewer passage from Chilli Walya's house to public toilet at Garib Nagar in Ulhasnagar 3 Ward C7. | 1000000 | | | | | |
| | | 35 | Construction of drain and sewer passage up to Amba Country Bar Public Toilet in Ward No. 7 | 1000000 | | | | | |
| | | 36 | Construction of drain and sewer passage from Bechai House at Hanuman Nagar in Ulhasnagar 3 Ward C 7 to Municipal | 1000000 | | | | | |
| | | 37 | Construction of new 10 seater toilet near Sarada Vidya Mandir in Ulhasnagar 3 Ward C7. | 1000000 | | | | | |
| | | 38 | Construction of Drain and CC Passage at Barrack No. 85 at Ulhasnagar & Ward C 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 39 | From the house of Shivaji Road Lakha Kalsi at Ulhasnagar Ward C. Making a footpath to the entrance of Jama Masjid in | 1000000 | | | | | |
| | | 40 | Construction of footpath from Shivaji Road Jama Masjid entrance to Kishore Medical entrance at Ulhasnagar & Ward C | 1000000 | | | | | |
| | | 41 | Construction of footpath from Shivaji Read Kishore Medical to Mangal Bhavan at Ulhasnagar & Ward No 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 42 | Construction of drains and CC passages at various places near Manita Hospital Mago Saibaba Mandir in Ulhasnagar & Ward C | 1000000 | | | | | |
| | | 43 | Construction of CC passages and drains at various places behind Barrack No. 13. Dattawadi area of Ward No. 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 44 | Construction of Attendance Shed at Municipal Corporation site in front of Barrack No. 402 at Ulhasnagar & Ward C 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 45 | Construction of Samaj Mandir on Municipal Corporation site in front of Barrack No. 391 in Ward No. 3. | 1000000 | | | | | |
| | | 46 | Construction of drains and footpaths from Kumar Tiles Shop in Ward C-3 to Avtar Building. | 1000000 | | | | | |
| | | 47 | Construction of CC drain in the vicinity of Barrack No. 208 | 1000000 | | | | | |
| | | 48 | Construction of CC drain in the vicinity of Barrack No. 207. | 1000000 | | | | | |
| | | 49 | Construction of CC drain in the vicinity of Barrack No. 206. | 1000000 | | | | | |
| | | 50 | Construction of CC drain in the vicinity of Barrack No. 205. | 1000000 | | | | | |
| | | | | 50000000 | | | | | |

| Tender Schedule | | |
|---|---|---|
| **Publishing Date** | **9-04-2025** | **17.00 pm** |
| Documents Download/Sale Start Date | 9-04-2025 | 17.00 pm |
| Pre Bid Meeting Date | 15-04-2025 | 12.30 |
| Bid Submission Start Date | 9-04-2025 | 17.00 pm |
| Bid Submission Closing Date | 21-04-2025 | 16.00 pm |
| Bid Opening Date | 22-04-2025 | 16.00 pm |

**TERMS AND CONDITIONS**

1.238 Tender form, conditions of contract, specifications and contract drawings can be downloaded from the e-tendering portal https://mahatenders.gov.in to the registered Contractors of appropriate category after entering the details payment of Rs 3540/- (Including GST 18%) As per notice no. should be made online using payment gateway. The fee of tender document will be non-refundable Further information regarding the work can be obtained from the above office.

1.239 Tender form fee and E.MD additional Earnest money/Deposit (If required) to be paid via online payment gateway mode only

1.240 Affidavit on Rs.500 Stamp Paper in prescribed form given in Annexure 1 Sworn before Executive Magistrate/ Notary Shall be uploaded online. (As Per शासननिर्णयक्र सीएटी/2018/प्र क्र. 127/इमा-2 दिनांक 28 नोव्हेंबर, 2018 Tenderer will liable for action under Indian Penal Code for submission of any false/fraudulent paper/information submitted in envelope no. 1.

1.4 The Corporation reserves the right to phase out the work as per requirement ..

1.5 The Corporation reserves the right to delete or maintain any item /phase from scope of work as mentioned in the Tender documents

1.6 Details of terms and conditions and other details are available in Tender documents. Tender Notice/ Tender Documents is also available on https://mahatenders gov in and Ulhasnagar Municipal Corporation websitewww.ume gov in

1.7 As per Government Resolution passed on 14/01/2019 of PWD dept. Mantra lay The Defect hability Period Condition is mandatory to all the Successful

1.8 Commissioner, Ulhasnagar Municipal Corporation reserves the rights to accept or reject all without assigning any reasons.

Date
Place Ulhasnagar

Sd/-
**Executive Engineer (PWD)**
Ulhasnagar Municipal Corporation

**जा.क्र. उमपा/पीआरओ/22/2025**
**दिनांक :-08/04/2025**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099